# वाक्य-शुद्धि

(1) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए:

(A) अपराधी और
(B)निरपराधी का
(C)अन्तर करना
(D)कठिन है
(E)कोई त्रुटि नहीं
Answer- (B) निरपराध का

(2) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए:

(A) दीपावली पर कुछ लोग
(B)चमचमाती चाँदी के बर्तन
(C)खरीदने का लोभ संवरण न कर सके।
(D)कोई त्रुटि नहीं
Answer- (B) चाँदी के चमचमाते बर्तन

(3) निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए-

(A) नेताओं का हित इसमें है कि लोग आपस में लड़ाते रहें।
(B) नेताओं का हित इसमें है कि लोग आपसी लड़ाई से दूर उलझे रहें।
(C) नेताओं का हित इसमें है कि लोग आपस में लड़ते रहें।
(D) नेताओं का हित इसमें है कि लोग उनसे लड़ते रहें।
Answer- (C)

(4) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) प्रत्येक देशवासियों को
(B) देश की सेवा में
(C) तन, मन, धन अर्पण करना चाहिए।
(D)कोई त्रुटि नहीं
Answer- (A) प्रत्येक देशवासी को

(5) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) आतंकवाद शायद एक दिशाहीन
(B) उद्देश्यहीन अंधेरा है
(C) जो विश्व शांति एवं प्रगति को निगल रहा है।
(D)कोई त्रुटि नहीं
Answer- (A) आतंकवाद एक दिशाहीन

(6) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) तुम कक्षा में आते हो
(B) तो तुम्हारी पुस्तक
(C) साथ क्यों नहीं लाते ?

(D)कोई त्रुटि नहीं
Answer- (B) तो अपनी पुस्तक

(7) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) गुणी मनुष्य कहता है
(B) कि मैं विविध प्रकार के दुःखों को
(C) सहन करके भी दुःखी नहीं हूँ।
(D)कोई त्रुटि नहीं
Answer- (A) साहसी मनुष्य कहता है

(8) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) फूल में सुगंध
(B) होती है और
(C) तितली के पास सुन्दर पंख
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (C) तितली के सुन्दर पंख

(9) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A)अध्यापक ने
(B) आज हमारे को
(C) नया पाठ पढ़ाया
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer-(B) आज हमें

(10) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A)बुरा से बुरा आदमी
(B) भी सम्मान
(C) चाहता है।
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (A)बुरे से बुरा

(11) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A)जिस प्रकार आभूषणों के द्वारा
(B) शरीर की शोभा बढ़ जाता है
(C) उसी प्रकार अलंकारों से
(D) भाषा में लालित्य आ जाता है।
(E) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (B) शरीर की शोभा बढ़ जाती है

(12) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A)सीता राम की
(B) आज्ञाकारी
(C) पत्नी थी
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (B) आज्ञाकारिणी

(13) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A)व्यक्ति के हर प्रकार के कष्टों को
(B) वह पल भर में
(C) दूर करती है।
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (A) व्यक्ति के हर प्रकार के कष्ट को

(14) निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए-

(A)मैं गाने की कसरत करता हूँ।
(B)मैं गाने का अभ्यास करता हूँ।
(C)मैं गाने का शौक कर रहा हूँ।
(D) मैं गाने का व्यायाम कर रहा हूँ।
Answer- (B)

(15) निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए-

(A)वन में प्रातः काल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता है।
(B)वन में प्रातः काल के समय बहुत ही सुहावना दृश्य होती है।
(C)वन में प्रातः काल के समय बहुत ही मनोहारी दृश्य होता है।
(D) वन में प्रातः काल का दृश्य बहुत ही खूबसूरत होता है।
Answer- (A)

(16) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) मैं पटना गया
(B)तो उस समय
(C)मेरे पास
(D) केवल बीस रूपये मात्र थे
(E) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (D) केवल बीस रूपये थे

(17) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) राम राज्य में
(B)शेर और बकरी एक घाट
(C)पर पानी पीती थी।
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (C) पर पानी पीते थे

(18) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) राजा दशरथ को
(B)चार पुत्र राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न
(C)पैदा हुए थे।
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (A) राजा दशरथ के

(19) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) आज भ्रष्टाचार हर क्षेत्र में
(B)शिष्टाचार के रूप में
(C)जाना जाता है।
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (C)माना जाता है।

(20) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) जब पृथ्वी पर पाप और अत्याचार बढ़ते है
(B)तब ईश्वर किसी-न-किसी महापुरुषों में
(C)पृथ्वी पर अवतार लेता है।
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (B) तब ईश्वर किसी-न-किसी महापुरुष के रूप में

(21) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) जीवन पथ पर
(B)हमें सतत रूप से
(C)चलते रहना चाहिए।
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (B) हमे सतत

(22) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) स्त्री का हृदय गुलाब की पंखुड़ियों की तरह
(B)अत्यन्त कोमल
(C)एवं संवेदनशील होता है।
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (C) एवं भावुक होता है।

(23) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) मैं आज सुबह
(B)आपके घर गया था
(C)किन्तु तुम घर
(D) पर नहीं मिले
(E) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (C) किन्तु आप घर

(24) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) प्रत्येक देशवासी को विभिन्नता में
(B)एकीकरण करने की शक्ति को उजागर करने वाले
(C)तत्वों की पहचान करनी चाहिए
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (B) एकता करने की शक्ति को उजागर करने वाले

(25) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A) रेखा ने अमित को आवाज लगाकर कहा
(B)कि राहुल का दूध

(C)रसोई में गैस के ऊपर रखा है।
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (B) कि राहुल के लिए दूध

(26) निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए-

(A)पिछले सोमवार को स्कूल बन्द है।
(B)पिछले सोमवार को स्कूल बन्द रहेगा।
(C)पिछले सोमवार को स्कूल बन्द होना है।
(D) पिछले सोमवार को स्कूल बन्द था।
Answer- (D)

(27) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A)जिस व्यक्ति की आत्मा
(B)जितनी विशाल है,
(C)वह उतना ही बड़ा महापुरुष है।
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (C)वह उतना ही महापुरुष

(28) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A)राम ने अपनी
(B)गलती के लिए
(C)क्षमा
(D) की भीख मांगी
(E) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (D) मांगी

(29) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A)बड़ों की बातों को
(B)आदर से
(C)सुनना चाहिए
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (B) आदरपूर्वक

(30) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

(A)मीठे वचन
(B)बोलना
(C)उत्तम गुण है।
(D) कोई त्रुटि नहीं
Answer- (D) कोई त्रुटि नहीं